प्रेषक,

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी,
कानपुर।

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
(NIC)कानपुर नगर।

पत्रांक– 1933 / 2021–22 दिनांक– 20/10/2021

विषय– विज्ञप्ति प्रकाशन के उपरान्त अन्य जानकारी एन0आई0सी0 की वेब साइट पर अपलोड करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के क्षेत्रान्तर्गत संचालित हेल्थ वेलनेस सेण्टर में नियुक्ति प्रकिया हेतु एक विज्ञप्ति जनपद कानपुर नगर के हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों ( दैनिक जागरण एवं अमर उजाला) में प्रकाशित करायी गयी है। उक्त विज्ञप्ति से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी जो कि इस पत्र के साथ संलग्न है, NIC की वेबसाइट kanpurnagar.nic.in पर अपलोड किया जाना है जिससे अभ्यर्थी को नियुक्ति प्रकिया की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध हो सके।

अतः आपसे अनुरोध है कि संलग्न प्रारूप को NIC की वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।

संलग्नक– उक्तानुसार।

भवदीय

( डा0 बृजेश सिंह कटियार )
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी,
कानपुर

# कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कानपुर
# 117/के/139 गीतानगर कानपुर नगर – 208025

पत्रांक– 1932 / डी0ए0यू0ओ0 / 2021–22 दिनांक–20.10.2021

## जनपद कानपुर नगर हेतु विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या–W-18/ 96 आयुष–2–2020–127 / 2016 आयुष अनुभाग–2 दिनांक–04.12.2020 एवं पूर्व निर्गत शासनादेश संख्या–आ0मि0–119 / 96–आयुष–2–2020–127 / 2016 दिनांक–09.10.2020 के कम में राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्र(हेल्थ वेलनेस सेण्टर) हेतु जनपद कानपुर नगर में संविदा (पारिश्रमिक) के आधार पर निम्न अंशकालीन पदों पर तैनाती के लिए आवेदन पत्र निम्न प्रारूप पर पूर्ण विवरण तथा समस्त शैक्षिक एंव अनुभव प्रमाण पत्रों की सत्यापित छाया प्रति सहित कार्यालय–क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी, 117 / के / 139, गीतानगर कानपुर नगर–2082025 में आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र केवल पंजीकृत / स्पीडपोस्ट से स्वीकार किये जायेंगे तथा आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक– 28.10.2021 .को सायं 5:00 बजे तक होगी।

## रिक्तियों का विवरण

| क0 सं0 | पद नाम | पदों की संख्या | अर्हता | उम्र सीमा | मानदेय | कार्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | योग प्रशिक्षक (पुरूष) (अंशकालीन) | 05 | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों / संस्थानों से साढे पॉच वर्षीय कोर्स बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड योगिक सांइस (बी0एन0वाई0एस0)डिग्री धारक ।<br>**अथवा**<br>**2.**बी0ए0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक / बी0एस0सी0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक / एम0एस0सी0 (योग) / एम0एम0 डिग्री धारक जिनका एक वर्षीय अनुभव हो।<br>**अथवा**<br>**3.**पी0जी0 डिप्लोमा (न्यूनतम एक वर्षीय पाठ्यकम) डिप्लोमा धारक जिनका दो वर्षीय अनुभव हो।<br>**अथवा**<br>**4.**योग सर्टिफिकेशन बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा "योग वेलनेस इन्स्ट्रक्टर " प्रमाण पत्र धारक जिनका एक वर्षीय अनुभव हो। | न्यूनतम 21 वर्ष अधिकतम 65 वर्ष पूर्णतया स्वस्थ | 8000.00 प्रतिमाह पारिश्रमिक | योग प्रशिक्षक को प्रतिमाह एच0डब्लू0सी0,स्कूलों व सामुदायिक स्तरों पर प्रति सत्र कम से कम 01 घण्टे वाले न्यूनतम 32 योग सत्र आयोजित करने होंगे। |
| 2 | योग प्रशिक्षक (महिला) (अंशकालीन) | 05 | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों / संस्थानों से साढे पॉच वर्षीय कोर्स बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड योगिक सांइस (बी0एन0वाई0एस0)डिग्री धारक ।<br>**अथवा**<br>**2.**बी0ए0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक / बी0एस0सी0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक / एम0एस0सी0 (योग) / एम0एम0 डिग्री धारक जिनका एक वर्षीय अनुभव हो।<br>**अथवा**<br>**3.**पी0जी0 डिप्लोमा (न्यूनतम एक वर्षीय पाठ्यकम) डिप्लोमा धारक जिनका दो वर्षीय अनुभव हो।<br>**अथवा**<br>**4.**योग सर्टिफिकेशन बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा "योग वेलनेस इन्स्ट्रक्टर " प्रमाण पत्र धारक जिनका एक वर्षीय अनुभव हो। | न्यूनतम 21 वर्ष अधिकतम 65 वर्ष पूर्णतया स्वस्थ | 8000.00 प्रतिमाह पारिश्रमिक | योग प्रशिक्षक (महिला) को प्रतिमाह एच0डब्लू0सी0,स्कूलों व सामुदायिक स्तरों पर प्रति सत्र कम से कम 01 घण्टे वाले न्यूनतम 20 योग सत्र आयोजित करने होंगे। |

**(क0प0उ0)..................**

नियम एंव शर्तें :–

1. यह नियुक्तियॉ न तो किसी सृजित पद के विरूद्ध होनी है और न ही यह नियमित तैनाती है।
2. राष्ट्रीय आयुष मिशन भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशानुसार अन्य कार्य।
3. उ0प्र0 में अनु0जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग को शासन द्वारा निर्गत समय–समय पर शासनादेशों के अनुसार योग प्रशिक्षक के आबद्धीकरण में आरक्षण का अनुपालन किया जायेगा, परन्तु प्रार्थनापत्र न मिलने की दशा में उपलब्ध उपयुक्त अभ्यर्थियों का आबद्धीकरण किया जायेगा।
4. योग प्रशिक्षक पुरूष/महिला(अंशकालीन) की सेवायें संतोषजनक न पाये जाने पर एक माह का नोटिस देकर समाप्त की जा सकेंगी।
5. योग प्रशिक्षक पुरूष/महिला(अंशकालीन) द्वारा चयनित होने के उपरान्त 15 दिवस के अन्तर्गत आबद्धीकृत हेल्थ वेलनेस सेण्टर पर अनुबन्ध करते हुए कार्यभार ग्रहण करेंगे। उक्त अवधि में कार्य आरभ नहीं करने पर आबद्धीकरण स्वतः समाप्त हो जायेगा।
6. सम्बन्धित योग प्रशिक्षक पुरूष/महिला(अंशकालीन) का चरित्र सत्यापन कराया जायेगा तथा इस सम्बन्ध में किसी प्रतिकूल निष्कर्ष की दशा में अनुबन्ध प्राधिकारी द्वारा आबद्धीकरण बिना कोई कारण बताये तुरन्त रदद कर दिया जायेगा।
7. योग प्रशिक्षक पुरूष/महिला(अंशकालीन) बिना किसी विशिष्ट कारण के बिना सूचना के अपने कर्तव्य से एक सप्ताह से अधिक के लिए अनुपस्थित रहता है, तो उसका आबद्धीकरण अनुपस्थिति की तिथि से रद्द कर दिया जायेगा।
8. योग प्रशिक्षक पुरूष/महिला(अंशकालीन) को एक वर्ष के लिए अनुबन्धित किया जायेगा। योजना की निरन्तरता के अनुमोदनोपरान्त एक वर्ष के बाद दूसरे अनुबन्ध के मध्य न्यूनतम 15 दिवस का अन्तराल अनिवार्य रूप से रखा जायेगा।
9. आवेदन पत्र के साथ अपना पता लिखा हुआ दो लिफाफा 23×10 सेमी0, जिस पर 25/– का डाक टिकट लगा हो अवश्य संलग्न करें। लिफाफे पर आवेदित पद/आवेदित जनपद का नाम अवश्य लिखें।
10. अभ्यर्थियों द्वारा अर्हता सम्बन्धित समस्त प्रमाण पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर निर्धारित तिथि के अन्दर केवल पंजीकृत/स्पीडपोस्ट डाक से प्रेषित करें।
11. साक्षात्कार की तिथि, स्थान एवं समय की सूचना बाद में दी जायेगी।
12. आवेदन भेजने का पता– कार्यालय, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी, 117/के/139, गीतानगर, कानपुर, उ0प्र0 पिनकोड–208025।
13. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होगा।
14. आवेदन का प्रारूप NIC की वेबसाइट kanpurnagar.nic.in से डाउनलोड करें।
15. आवेदन पत्र के उपयुक्त/अनुपयुक्त होने के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय नियुक्ति प्राधिकारी का होगा।
16. साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
17. तैनाती स्थान का निर्धारण चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

( डा0 बृजेश सिंह कटियार )
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
कानपुर

# —:आवेदन पत्र का प्रारूप:— जनपद—कानपुर नगर

1, विज्ञापन संख्या.................................................................................................................

2, आवेदित पद का नाम.....................योग प्रशिक्षक— (महिला / पुरुष)....................................

3, अभ्यर्थी का नाम— हिन्दी में.................................................................................................

(अंग्रेजी कैपिटल लेटर में)—.................................................................................................

4, पिता / पति का नाम ...............................................................................................................

5, जन्म तिथि.................................01.10.2021 को आयु—वर्ष........... माह.............दिन..............

7, स्थायी पता.............................................................................................................................

...........................................................................................पिन कोड.......................

स्व—हस्ताक्षरित नवीनतम रंगीन फोटो

8, पत्राचार हेतु पता.....................................................................................................................................

...........................................................................................पिन कोड.................................................

9, मोबाइल न0........................................................ई. मेल..........................................................................

10, राष्ट्रीयता ...............................आरक्षित श्रेणी—(सामान्य / ओ0बी0सी0 / अनुसूचित जाति / जनजाति)........................

11. उपजाति.........................................................................................प्रमाण पत्र सलंग्न करें।

10,शैक्षिक योग्यता का विवरण..(प्रमाणित प्रमाण पत्र सलंग्न करें)....................................................................

| क0 सं0 | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | विद्यालय का नाम | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | प्राप्तांक / पूर्णांक | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**11,कार्य अनुभव का विवरण संस्था का नाम सहित...................................................................................................**

| क0 सं0 | अनुभव प्राप्त करने का स्थान / विवरण | अनुभव की अवधि |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

**—:घोषणा:—**

मै श्री / श्रीमती / कु0.............................................................................................प्रमाणित करता / करती हूँ, कि उक्त विवरण मेरी जानकारी मे पूर्णतया सत्य है। जिसमे किसी भी प्रकार की असत्यता पाये जाने पर मेरे अभ्यर्थन / नियुक्ति—पत्र को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सक्षम प्राधिकारी को होगा।

**संलग्नको का विवरण—**

**दिनांक—.......................** **अभ्यर्थी के हस्ताक्षर व नाम / पता**

# कार्यालय, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, कानपुर

पत्रांक– 1932/डी0ए0यू0ओ0/आयुष/2021–22 दिनांक–20.10.2021

शासनादेश सं0–W-81 /96–आयुष–2–2020–127/2016 दिनांक–04.12.2020 के अनुपालन में कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, कानपुर (आयुष विभाग) के अधीन जनपद–कानपुर नगर के 06 हेल्थ वेलनेस सेण्टर में योगिक कियाओं के संचालन हेतु एक योग प्रशिक्षक (पुरूष) रू0, 8000/–प्रतिमाह एंव एक महिला योग प्रशिक्षक, 5000/–प्रतिमाह एकमुश्त पारिश्रमिक पर अंशकालीन हेतु कुल–06 योग प्रशिक्षक पुरूष एवं कुल–04 योग प्रशिक्षक महिला एक वर्ष के लिए अनुबन्ध कर आबद्धीकरण(अंशकालीन) किया जाना है। आबद्धीकरण हेतु शासनादेश में दी गयी योग्यता, शर्तों एंव प्रतिबन्धों के अधीन दिनांक–28.10.2021 तक आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर पूर्ण विवरण तथा समस्त शैक्षिक योग्यता/आरक्षण एंव अनुभव प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति सहित केवल पंजीकृत/स्पीडपोस्ट डाक द्वारा कार्यालय, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, 117/के/139, गीतानगर, कानपुर–208025 में आमन्त्रित किये जाते है। नियम व शर्तों सहित समस्त जानकारी NIC की वेव साइट kanpurnagar.nic.in पर उपलब्ध है एंव कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी, कानपुर के सूचना पट्ट पर भी चस्पा है।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
कानपुर

मुख्य विकास अधिकारी
कानपुर नगर